Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 245 रायपुर, शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ अधिकारी–कर्मचारी आज सामूहिक हड़ताल पर



**रायपुर,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अधिकारी–कर्मचारी आज सामूहिक हड़ताल पर है। इसके चलते सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप है। केंद्र के समान डीए व लंबित एरियर्स सहित 5 सूत्रीय मांग को लेकर अधिकारी–कर्मचारी हड़ताल पर है। शिक्षकों के हड़ताल पर रहने से कई क्षेत्रों में स्कूल बंद रहेंगे। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,सचिव राजेश चटर्जी,ओंकार सिंह,बी पी शर्मा, प्रवक्ता जी.आर.चंद्रा, चंद्रशेखर तिवारी,रोहित तिवारी,मनीष मिश्रा,केदार जैन,राजनारायण द्विवेदी और विवेक दुबे ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा हुई थी। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों और पेंशनरों को केन्द्र के समान डी.ए./डी आर दिया जायेगा, लंबित डी ए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जी.पी.एफ. खाते में समायोजित किया जायेगा सहित अन्य 8 प्रतिबद्धता थी। लेकिन सरकार बनने के बाद क्रियान्वयन पर मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बन गया है।



**कामकाज पूरी तरह ठप्प**

आपको बता दे की बड़ी संख्या में कर्मचारी आज रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में इकट्ठा हुए थे और उनके द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया कर्मचारियों की हड़ताल के चलते ज्यादातर शासकीय कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया सुबह से लोग अपने कामों के लिए सरकारी कार्यालय पहुंचते नजर आए लेकिन कर्मचारी ड्यूटी में नहीं होने की वजह से लोग भटकते रहे. वहीं कर्मचारियों द्वारा चेतावनी दी गई कि जल्द से जल्द उनकी मांग यदि पूरी नहीं होती है तो आने वाले समय में और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा गिरौदपुरी धाम से हुई शुरू





**रायपुर,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने पवित्र गिरौदपुरी धाम से शुक्रवार 27 सितंबर से न्याय यात्रा की शुरुआत कर दी है। यात्रा की शुरुआत से पहले पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, विद्रोह- स्वाभिमान बलिदान की भूमि सोनाखान, शहीद वीर नारायण को स्मरण कर एवम परम पूज्य गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में माथा टेककर छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि, यात्रा का उद्देश्य राज्य के लोगों तक मौजूदा सरकार की विफलताओं को पहुंचाना है।

यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए श्री बैज ने कहा कि, कांग्रेस यात्रा के जरिए भाजपा सरकार पर हमला करेगी। कानून व्यवस्था और निर्दोषों की गिरफ्तारी जैसे मुद्दे को उठाएगी। साथ ही यात्रा के दौरान बलौदाबाजार हिंसा आगजनी, अमर गुफा जैतखाम विवाद, विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी और कवर्धा कांड जैसे संवेदनशील मुद्दों को जनता को बताएंगे. आज यात्रा में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, कवासी लखमा, मरकाम, शिव डहरिया समेत पीसीसी के तमाम बड़े नेता कांग्रेस के सभी पूर्व एवम वर्तमान विधायक बड़ी संख्या में शामिल हुए. आपको बता दे कि यह यात्रा आज 27 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगी इस दरमियान विभिन्न स्थानों पर सभाएं भी ली जाएंगी कांग्रेस की यह पूरी यात्रा 125 ब्रद्ध का पैदल सफर करेगी। जो आज गिरौदपुरी से शुरू होकर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन रायपुर में समाप्त होगी। जहां एक बड़ी आमसभा होगी।


## ब्रेकिंग न्यूज

### झारखंड के मुख्यमंत्री के करीबी आईएएस के खिलाफ छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज



**रायपुर,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले के तार झारखंड तक जुड़ गए हैं, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू ने 420 और 120 के तहत केस दर्ज किया है. चर्चा इस बात की भी है कि विनय चौबे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान सक्रिय शराब सिंडिकेट के साथ मुलाकात किया था. विनय चौबे वर्तमान में झारखंड के पंचायत विभाग में सचिव के पद पर पदस्थ हैं. उन पर उत्पाद विभाग में बतौर सचिव पदस्थ रहने के दौरान शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है. वे उत्पाद विभाग के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव भी थे. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल के दौरान अपनाई गई आबकारी नीति को अपनाया था. इस नीति को क्रियान्वित करने में विनय चौबे की अहम भूमिका बताई जा रही है.

### हरियाणा चुनाव-2024 : जसपाल आंतिल ने छोड़ी कांग्रेस



**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (न्यूज चैनल)। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले राई हलके में कांग्रेस को लगातार दूसरा बड़ा झटका लगा है। पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया के बाद शुक्रवार को जसपाल आंतिल ने भी कांग्रेस साथ छोड़ दिया है। वह टिकट न मिलने के कारण नाराज थे।

जसपाल आंतिल ने मीडिया से बात करते हुए कहा- उन्होंने कांग्रेस के लिए अपनी जमीन तक बेच दी। वे खेवड़ा गांव के रहने वाले हैं और 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। इसके अलावा वे सोनीपत लोकसभा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे पिछले 16 सालों से कांग्रेस में पूरी मेहनत से सेवा कर रहे थे। पत्रकारों के सामने ही उन्होंने अपने कार्यालय से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तस्वीर भी उतार दी,




चूहा- सुनती हो, देश में सबसे कम बेरोजगारी वाले टॉप पांच राज्यों में छत्तीसगढ़ प्रदेश शामिल हैं।

चुहिया- हां जी, तभी तो यहां रोजगार कार्यालय में बेरोजगारों का पंजीयन संख्या बहुत कम है।

## दंतैल हाथी ने किया ग्रामीण पर हमला, उतारा मौत के घाट



**राजिम,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। तीन दंतैल हाथी ने किया ग्रामीण पर हमला, उतारा मौत के घाट, घटना से ग्रामीणों में दहशत, फिंगेश्वर वन परीक्षेत्र के ग्राम सोरिद खुर्द का पूरा मामला, हाई अलर्ट के बाद भी ग्रामीण आया हाथी के चपेट में, फूटू तोड़ने जंगल आया हुआ था ग्रामीण, घटना के बाद तीनो दंतैल हाथी ने किया महासमुन्द जिला में प्रवेश, घटना स्थल पर वन विभाग व पुलिस बल भारी संख्या में मौजुद।

## केंद्र की 24 संसदीय समितियों का गठन राहुल गांधी और कंगना को मिली जगह

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (न्यूज चैनल)। 2024-2025 सत्र के लिए विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समितियों का गठन किया गया है। इसमें कांग्रेस चार महत्वपूर्ण पैनलों की अध्यक्षता कर रही है, और विभिन्न क्षेत्रों की देखरेख के लिए विभिन्न दलों से प्रमुख नियुक्तियाँ की गई हैं। संसद ने अपनी स्थायी समितियों में 24 प्रमुख पैनलों में पार्टी लाइनों के प्रमुख राजनीतिक नेताओं को प्रमुख भूमिकाएँ सौंपी गई हैं। जबकि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता, राहुल गांधी को रक्षा मामलों की समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। वहीं, भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत संचार और सूचना प्रौद्योगिकी समिति का हिस्सा होंगी।





विभाग-संबंधित स्थायी समितियाँ, जिनमें सभी दलों का प्रतिनिधित्व होता है, लघु संसद के रूप में कार्य करती हैं और विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज पर नज़र रखती हैं। कुल 24 विभाग-संबंधित स्थायी समितियों में से, भाजपा को 11 की अध्यक्षता मिली है, जबकि उसके सहयोगियों को चार पैनलों का नेतृत्व करने का मौका मिला है। कांग्रेस नेता चार समितियों का नेतृत्व करेंगे, उसके बाद द्रमुक और तृणमूल की दो-दो और समाजवादी पार्टी की एक समिति होगी। भाजपा के प्रमुख सहयोगी जैसे टीडीपी और जनता दल (यूनाइटेड) के अलावा महाराष्ट्र में उसके सहयोगी दल, शिव सेना और एनसीपी एक-एक समिति का नेतृत्व करेंगे।

## बैंक लूटने पहुंचा चोर गिरोह, ताले तोड़कर लॉकर तक पहुंचे, अलार्म बजने पर डीवीआर लेकर भागे





**24 घंटे के भीतर दूसरी वारदात से मचा हड़कंप**

**गरियाबंद,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। गरियाबंद मुख्य चौराहे में मौजूद केनरा बैंक एटीएम लूटने में असफल रहे चोर गिरोह ने 24 घंटे के भीतर 24 किमी दूर पांडुका के ग्रामीण बैंक को निशाना बनाया. बैंक के ताले तोड़कर लॉकर तक पहुंचे पर अलार्म बजने से बड़ी वारदात को अंजाम देने में असफल रहे. अलार्म बजते ही चोर डीवीआर लेकर भाग निकले. बैंक मैनेजर ने मामले की शिकायत पांडुका थाने में की है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

बैंक मैनेजर देव कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्य चैनल गेट समेत दो तोला तोड़कर चोर लॉकर तक पहुंच गए थे. लॉकर को भी काटने का प्रयास किया गया है. चिन्ह देखकर गैस कटर का उपयोग किए जाने की आशंका है. सुबह 4 से 5 बजे के बीच मैनेजर को अलार्म सिस्टम ने अलर्ट कर दिया. इसके बाद मैनेजर घटना स्थल पर पहुंचने से पहले पाण्डुका पुलिस को सूचना दे दी थी. हलचल बढ़ता देख इस बार भी चोर नाकाम कोशिश कर भाग खड़े हुए, लेकिन जाते जाते वे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उखाड़ ले गए. बता दें कि ठीक 24 घंटा पहले कोतवाली थाना क्षेत्र में रिहायशी इलाके में मौजूद केनरा बैंक के एटीम से छेड़छाड़ का प्रयास किया गया था. दोनों घटना स्थल की दूरी महज 24 किमी का अंतर है। इधर घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर ने पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का मुआयना किया। बैंक प्रबंधक सहित आस पास के लोगों से पूछताछ की। बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। एएसपी ने कहा की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जल्द ही चोर को पकड़ा जाएगा।

## सीतापुर थाना के निरीक्षक निलंबित, आईजी ने जारी किया आदेश




**अंबिकापुर,** 27 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सीतापुर में हुए संदीप लकड़ा हत्याकांड मामले में आईजी अंकित गर्ग ने कार्यवाही करते हुए निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा को निलंबित कर दिया है। 10 दिन पहले सीतापुर टीआई निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा को आईजी ने लाइन अटैच किया था।

बता दें कि संदीप मर्डर केस में अब तक निरीक्षक सहित सब इंस्पेक्टर और एक आरक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही हो चुकी है। इसके साथ ही विभागीय जांच भी तेज हुई है। वहीं इस मामले में परिवार के साथ सर्व आदिवासी समाज धरने पर बैठा है। सीतापुर के जल जीवन मिशन योजना के तहत मैनपाट के लुरैना गांव में बनाए जा रहे फाउंडेशन के नीचे संदीप लकड़ा का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत 6 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। उनमें 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसी बात को लेकर आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया था।

## केन्द्र सरकार ने 1 अक्टूबर से न्यूनतम वेतन बढ़ाया

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को औद्योगिक और कृषि श्रमिकों या असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन या परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की है, ताकि जीवन की बढ़ती लागत के अनुरूप काम किया जा सके। यह कदम भारत में त्यौहारी सीजन से पहले उठाया गया है और दिवाली से पहले खुशियाँ फैलाने की संभावना है। 1 अक्टूबर, 2024 से अकुशल श्रमिकों के लिए नया न्यूनतम वेतन 783 रुपये प्रतिदिन होगा। अर्ध-कुशल श्रमिकों को प्रतिदिन 868 रुपये मिलेंगे, जबकि कुशल, लिपिक और साथ ही हथियार न रखने वाले चौकीदारों को प्रतिदिन 954 रुपये मिलेंगे। अत्यधिक कुशल श्रमिकों को प्रतिदिन 1,035 रुपये का न्यूनतम वेतन मिलेगा। सरकार साल में दो बार वीडीए में बदलावों को अधिसूचित करती है जो अप्रैल और अक्टूबर में लागू होते हैं।

| क्र.सं. | कौशल | वेतन (रु./दिन) | वेतन (रु./माह) |
|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण, झाड़ू लगाना, सफाई, लोडिंग/अनलोडिंग | 783 | 20,358 |
| 2 | अर्ध-कुशल | 868 | 22,568 |
| 3 | कुशल, लिपिक, बिना हथियार के निगरानी और वार्ड | 954 | 24,804 |
| 4 | अत्यधिक कुशल, बिना हथियार के निगरानी और वार्ड | 1035 | 26,910 |

## अक्षय शिंदे के पिता की अर्जी पर हाईकोर्ट अर्जेन्ट सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बॉम्बे हाईकोर्ट बदलापुर नाबालिगों के यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के पिता की अर्जी पर अरजेंट सुनवाई को तैयार हो गया है। आरोपी अक्षय शिंदे को ठाणे पुलिस ने गोली मार दी थी। परिजनों ने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया है और कहा है कि इसके पीछे बड़ी साजिश है। बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी के पिता ने अपने बेटे के दफन के लिए जमीन की मांग करते हुए अंबरनाथ नगर परिषद के मुख्य अधिकारी के खिलाफ बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर किया है। इसके अलावा परिवार ने सुरक्षा की भी मांग की है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

**अभी तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार**

अक्षय शिंदे के परिवार के सदस्य भी उनके अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। अक्षय के चाचा अमर शिंदे ने गुरुवार को मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार ने अभी तक दफनाने के लिए जगह तय नहीं की है। उन्होंने अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया, अक्षय शिंदे के माता-पिता और उनके वकील की जान को खतरा बताया। सूत्रों ने बताया कि 24 वर्षीय अक्षय ने पहले दाह संस्कार के बजाय दफनाने की इच्छा व्यक्त की थी। इससे पहले बीते दिनों अक्षय शिंदे के पिता ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि परिवार उनके शव को लेने के लिए तैयार है, लेकिन उन्हें दफनाने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है।

## भाजपा को बड़ा झटका, सुनील जाखड़ ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफ़ा



**नई दिल्ली**, 27 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी के पंजाब प्रधान सुनील जाखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच और पंजाब में होने वाले पंचायत चुनाव से पहले प्रधान सुनील झाखड़ के इस्तीफे से पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों अनुसार गुरुवार को पार्टी द्वारा चुनावों को लेकर रखी मीटिंग में भी वह नहीं पहुंचे थे। पता चला है कि जाखड़ रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाने से नाराज चल रहे थे, जिसके चलते उन्होने जुलाई महीने से ही पार्टी से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। बता दें कि एक साल पहले ही जाखड़ को भाजपा द्वारा इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उधर, पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन नें इस खबर को निराधार और झूठा करार दिया है कि सुनील जाखड़ ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा, कि जाखड़ भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष हैं और अध्यक्ष के रूप में वह अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।